# अध्याय - 3 | भूसंसाधन तथा कृषि

## QUIZ-01

1. **किस भूमि उपयोग श्रेणी में बागों और फलों के वृक्षों वाली भूमि शामिल है?**
   A. वन
   B. विविध वृक्ष फसलें और उपवन
   C. वर्तमान परती
   D. शुद्ध बोया क्षेत्र (B)

*व्याख्या:* बागों और फलों के वृक्षों वाली भूमि को विविध वृक्ष फसलें और उपवन श्रेणी में रखा जाता है।

2. **रक्षक सिंचाई का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
   A. उच्च उत्पादकता प्राप्त करना
   B. नमी की कमी से फसलों की सुरक्षा
   C. मिट्टी के कटाव को कम करना
   D. फसल तीव्रता बढ़ाना (B)

*व्याख्या:* रक्षक सिंचाई का उद्देश्य वर्षा की कमी को पूरा कर फसलों को बचाना होता है।

3. **भारत में ज्वार का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कौन सा है?**
   A. आंध्र प्रदेश
   B. कर्नाटक
   C. महाराष्ट्र
   D. मध्य प्रदेश (C)

*व्याख्या:* महाराष्ट्र भारत के कुल ज्वार उत्पादन का आधे से अधिक उत्पादन करता है।

4. **यदि GCA और NSA बराबर हों तो फसल तीव्रता कितनी होगी?**
   A. 50%
   B. 75%
   C. 100%
   D. 200% (C)

*व्याख्या:* जब सकल बोया क्षेत्र और शुद्ध बोया क्षेत्र बराबर हों, तो फसल तीव्रता 100% होती है।

5. **भारत में किस अनाज का बोया क्षेत्र सबसे अधिक है?**
   A. गेहूं
   B. बाजरा
   C. ज्वार
   D. चावल (D)

*व्याख्या:* चावल का बोया क्षेत्र भारत में कुल बोया क्षेत्र का लगभग एक-चौथाई है।

6. **कौन सी फसल में भारत चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है?**
   A. कपास
   B. गेहूं
   C. चावल
   D. कॉफी (C)

*व्याख्या:* भारत चावल उत्पादन में चीन के बाद दूसरा स्थान रखता है।

7. **सिंचित क्षेत्रों में भूमि क्षरण की मुख्य समस्या क्या है?**
   A. पवन कटाव
   B. मृदा लवणीकरण
   C. गली कटाव
   D. बाढ़ (B)

*व्याख्या:* सिंचाई के गलत तरीकों से मृदा लवणीकरण होता है जो भूमि को क्षति पहुंचाता है।

8. **उत्तर-पश्चिम भारत में किस फसल को 'नरमा' कहा जाता है?**
   A. ज्वार
   B. बाजरा
   C. कपास
   D. गेहूं (C)

*व्याख्या:* उत्तर-पश्चिम भारत में लंबा रेशा कपास 'नरमा' कहलाता है।

9. **भारत के कुल बोया क्षेत्र में दलहनों का हिस्सा कितना है?**
   A. 5%
   B. 8%
   C. 11%
   D. 15% (C)

*व्याख्या:* दलहनों का हिस्सा भारत के कुल बोया क्षेत्र का लगभग 11% है।

10. **राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (NMSA) का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
    A. केवल चावल उत्पादन बढ़ाना
    B. औद्योगिक कृषि को बढ़ावा देना
    C. कृषि को उत्पादक, टिकाऊ, लाभकारी और जलवायु सहिष्णु बनाना
    D. ग्रामीण रोजगार कम करना (C)

*व्याख्या:* NMSA का उद्देश्य कृषि को उत्पादक, टिकाऊ, लाभकारी और जलवायु सहिष्णु बनाना है।

मिशन ज्ञान पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES